## संपादकीय

## तेल से अर्जित रकम का कीजिए सदुपयोग

जनता तेल के बढ़ते दामों को लेकर परेशान है। बीते चार वर्षों में विश्व बाजार में कच्चे ईंधन तेल का दाम लगभग 40 से 70 डालर प्रति बैरल रहा था। इस सम्पूर्ण अवधि में भारत में पेट्रोल का दाम लगभग 70 से 75 रुपये प्रति लीटर रहा था। वर्तमान में विश्व बाजार में कच्चे तेल का दाम 65 डालर प्रति बैरल है। इसलिए आशा की जाती थी कि भारत में पेट्रोल का दाम भी लगभग 70 से 75 रुपये प्रति लीटर ही रहेगा। लेकिन अपने देश में पेट्रोल का दाम 90 से 100 रुपये प्रति लीटर हो गया है जो कि प्रथम दृष्टया अनुचित दिखता है।

वर्तमान में तेल के ऊंचे दाम को समझने के लिए कोविड के प्रभाव को समझना होगा। बीते वर्ष जून के माह में कोविड संकट के कारण तमाम देशों ने लॉकडाउन लगा दिए थे, जिससे यातायात और उद्योग ठप हो गये थे और विश्व बाजार में कच्चे तेल की मांग काफी गिर गयी थी। यहां तक कि कई तेल कम्पनियों ने जिस तेल को जहाज़ों पर भर रखा था, उसे वे शून्य मूल्य पर भी बेचने को तैयार थे, ताकि जहाज को खाली किया जा सके और जहाज को खड़े रखने का डैमरेज न पड़े।

उस समय अपने देश में भी आयातित कच्चे तेल का दाम कुछ कम हुआ था। बताते चलें कि कुछ तेल का आयात तत्काल बाजार भाव पर किया जाता है लेकिन अधिकतर तेल का आयात लम्बी अवधि के समझौतों के अंतर्गत किया जाता है, जिसके अंतर्गत आयात किये गये तेल का मूल्य तात्कालिक बाजार भाव से प्रभावित नहीं होता। इसलिए यदि बाजार में तेल का भाव शून्य हो गया तो इसका अर्थ यह नहीं है कि शून्य मूल्य पर भारत मनचाही मात्रा का तेल खरीद सके। यदि भारत कुछ तेल शून्य मूल्य पर खरीदता भी है तो भी लम्बी अवधि के समझौतों के अंतर्गत पूर्व में निर्धारित मूल्यों पर तेल को खरीदते रहना पड़ेगा। फिर भी बीते वर्ष कोविड संकट के समय भारत द्वारा खरीदे गये तेल के मूल्य में गिरावट आई थी। उस समय भारत सरकार ने तेल पर वसूल की जाने वाली एक्साइज डयूटी को बढ़ा दिया।

जैसे यदि कच्चे तेल का दाम 10 रुपये कम हुआ तो सरकार ने उसी 10 रुपये को तेल पर टैक्स के रूप में बढ़ा दिया। फलस्वरूप जब विश्व बजार में तेल के दाम गिर रहे थे तो भारत में तेल के दाम में गिरावट नहीं आई और तेल का दाम पूर्ववत 70 से 75 रुपये प्रति लीटर बना रहा। लेकिन बीते तीन माह में विश्व बाजार में तेल के दाम पुनः बढ़ने लगे और आज ये पुराने 65 रुपये प्रति बैरल पर आ गये हैं। लेकिन सरकार ने इस अवधि में तेल पर वसूल किये जाने वाले टैक्स में कटौती नहीं की और टैक्स की ऊंची दर को बरकरार रखा, जिस कारण आज अपने देश में पेट्रोल का दाम 90 से 100 रुपया प्रति लीटर हो गया है।

तेल के ऊंचे दाम का प्रभाव मुख्यतः ऊपरी वर्ग पर पड़ता है। अपने देश में तेल के मूल्य का ऊपरी और कमजोर वर्गों पर अलग-अलग प्रभाव के आंकड़े उपलब्ध नहीं हुए लेकिन अध्ययन के अनुसार यानी ऊपरी वर्ग पर तेल के बढ़े हुए मूल्यों का सोलह गुना प्रभाव अधिक पड़ता है। यह कहना उचित होगा कि तेल के ऊंचे मूल्यों का विरोध करने के लिए ऊपरी वर्ग द्वारा निचले वर्ग को ढाल के रूप में उपयोग किया जा रहा है।

तेल के ऊंचे मूल्य का दूसरा लाभ यह है कि देश में तेल की खपत कम होगी। एक अध्ययन में पाया गया कि तेल के दाम में यदि 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है तो खपत में 0.4 प्रतिशत की ही मामूली गिरावट आती है। यद्यपि खपत में यह गिरावट कम ही है, फिर भी इसे नजरअन्दाज़ नहीं किया जा सकता। लम्बे समय में यह गिरावट अधिक होगी। तेल की खपत कम होने से हमारे आयात कम होंगे और हमारी आर्थिक सम्प्रभुता सुरक्षित रहेगी। ज्ञात हो कि अपने देश में खपत किये गये तेल में 85 प्रतिशत तेल का आयात होता है।-

*भरत झुनझुनवाला*

# कंज्यूमर गुड्स, वाहन और कपड़ा उद्योग पर फिर से कोरोना की मार



**नईदिल्ली।** कोरोना की दूसरी लहर से सबसे अधिक असर कंज्यूमर गुड्स, वाहन और कपड़ा उद्योग पर पड़ने की आशंका है। दरअसल, कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए महाराष्ट्र समेत देश के कई हिस्सों में आंशिक लॉकडाउन लगाया गया है। आगे इसका दायरा बढ़ने की संभावना है। लॉकडाउन की स्थिति ने इन आइटमों की बिक्री में गिरावट की आशंका पैदा कर दी है।

रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ( आरएआई) ने कहा है कि लॉकडाउन की वजह से महाराष्ट्र में रिटेल बिजनेस को लगभग 50 अरब डॉलर से भी ज्यादा का नुकसान पहुंच सकता है क्योंकि महाराष्ट्र की देश के रिटेल बिजनेस में लगभग दस फीसदी हिस्सेदारी है। देश का रिटेल कारोबार 850 अरब डॉलर है और इसमें से 85 अरब डॉलर की हिस्सेदारी सिर्फ महाराष्ट्र की है। महाराष्ट्र में लॉकडाउन के शुरुआती गाइडलाइंस के मुताबिक गाड़ियों की डीलरशिप बंद रहेगी. इससे जाहिर है गाड़ियों की बिक्री पर असर पड़ना तय है। लॉकडाउन की वजह से राज्य के 15 हजार रिटेलर्स को आर्थिक नुकसान नहीं होगा।

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना की दूसरी लहर से पहले से भारी वित्तीय संकट का सामना कर रही होटल, मल्टीप्लेक्स और पर्यटन उद्योग का हाल और बुरा होगा। हाल के दिनों में मल्टीप्लेक्स, रिटेल चेन और होटल शेयरों में गिरावट दर्ज की गई है। आने वाले समय में कई और राज्यो में लॉकडाउन हो सकती है। ऐसे में होटल, मल्टीप्लेक्स और पर्यटन क्षेत्र की कंपनियां जो इस साल बेहतर कारोबार की उम्मीद लगा रखी थी को बड़ा झटका लगा है। इस साल बढ़ते मामले को देखते हुए इन कंपनियों की वित्तीय स्थिति और नाजुक हो सकती है।

## सऊदी अरब से 35 फीसदी कम कच्चे तेल की खरीद करेगा भारत

**नईदिल्ली।** भारतीय रिफाइनरी कंपनियां अगले महीने सऊदी अरब से कम कच्चे तेल की खरीद करेंगी। कोविड-19 संक्रमण के मामले बढ़ने के बीच ईंधन की मांग घटी है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और तीन अन्य रिफाइनरी कंपनियों ने मई में सऊदी अरब से 1.5 करोड़ बैरल के मासिक औसत की तुलना में सिर्फ 65 प्रतिशत की खरीद करने का फैसला किया है। इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने यह सूचना दी है। भारत ने सऊदी अरब से कीमतों पर अंकुश रखने के लिये कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने का आग्रह किया था। सऊदी अरब ने भारत के इस आग्रह को नजरअंदाज कर दिया था। इसके बाद भारत सरकार ने पिछले महीने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से पश्चिम एशिया से बाहर से आपूर्ति पर ध्यान देने को कहा। अपने इन प्रयासों के तहत कंपनियों ने गुयाना से लेकर नॉर्वे से नया कच्चा तेल खरीदा है। इसके अलावा खरीद बढ़ाने के लिए भारतीय कंपनियों की निगाह अमेरिका पर भी है।

सूत्रों ने बताया कि आईओसी ने पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका और कनाडा से कच्चे तेल की खरीद के लिए हाजिर निविदा निकाली है।भारत अपनी कच्चे तेल की 85 प्रतिशत जरूरत आयात से पूरा करता है। फरवरी में पेट्रोल और डीजल के दाम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं जिससे महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था पर बोझ बढ़ा है।

## रुपए में आई 20 महीने की सबसे बड़ी गिरावट

**मुंबई।** डॉलर के मुकाबले आज रुपए में 20 महीने की सबसे बड़ी गिरावट आई है. आज डॉलर के मुकाबले रुपया 105 पैसे की गिरावट के साथ 74.47 के स्तर पर बंद हुआ. कोरोना के मामले देश में तेजी से बढ़ रहे हैं जिसके कारण लोकल लॉकडाउन लगाए जा रहे हैं. महाराष्ट्र, पंजाब समेत कई राज्यों में कर्फ्यू लगाए जा रहे हैं. 5 अगस्त 2019 के बाद आज रुपए में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है.विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स पर इस समय डॉलर मामूली गिरावट के साथ 92.28 के स्तर पर ट्रेड कर रहा था.

इस बीच, भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को नीतिगत समीक्षा की घोषणा करते हुए लगातार पांचवीं बार नीतिगत दरों को यथावत रखने का फैसला किया. रिजर्व बैंक ने अपनी नीतिगत रेपो दर को चार फीसदी पर अपरिवर्तित रखा है लेकिन आगाह किया कि कोविड-19 की घटनाओं में आई हालिया तेजी ने आर्थिक विकास के संदर्भ में अनिश्चितताओं को जन्म दिया है.बाजार आरबीआई के फैसले से खुश हुआ और इस सप्ताह में लगातार दूसरे दिन तेजी के साथ बंद हुआ. 30 शेयरों के इंडेक्स सेंसेक्स में 460 अंकों की तेजी दर्ज की गई और यह 49661 के स्तर पर और निफ्टी 135 अंकों की तेजी के साथ 14819 के स्तर पर बंद हुआ.

# पोस्ट ऑफिस में जमा करें 2850 रुपए और 20 साल बाद मिलेंगे करीब 14 लाख रुपए

**नईदिल्ली।** पोस्ट ऑफिस की तरफ से ग्रामीण आबादी को इंश्योर्ड करने के मकसद से रूरल पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस आरपीएलआई की शुरुआत 1995 में की गई थी. इंडिया पोस्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध डेटा के मुताबिक, 31 मार्च 2017 तक इसके जरिए 146 लाख पॉलिसी की जा चुकी है. आरपीएलआई लोगों की अलग-अलग जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 6 तरह की इंश्योरेंस पॉलिसी ऑफर करता है.

ग्राम सुमंगल एक मनी बैक इंश्योरेंस पॉलिसी है. इसका




मैक्सिमम सम अश्योर्ड 10 लाख रुपए है. अगर आपको समय-समय पर रिटर्न की जरूरत है तो यह स्कीम शानदार विकल्प है. बीमित व्यक्ति जब तक जिंदा है उसको समय-समय पर मनीबैक का लाभ मिलता है. अगर बीमित व्यक्ति की मौत हो जाती है तो नॉमिनी को कुल सम अश्योर्ड और बोनस मिलेगा. इस पॉलिसी के तहत 2850 रुपए का प्रीमियम जमा करने पर 20 सालों बाद करीब 14 लाख रुपए मिलेंगे.ग्राम सुमंगल के लिए पॉलिसी टर्म 15 साल और 20 साल है. कम से कम 19 साल में इस पॉलिसी को खरीदा जा सकता है.

अधिकतम 40 साल की उम्र तक इसमें एंट्री की जा सकती है. 40 की उम्र में एंट्री लेने पर पॉलिसी टर्म 20 सालों का हो सकता है. अगर 45 की उम्र में एंट्री लेते हैं तो मैक्सिमम पॉलिसी टर्म 15 सालों का होगा.बेनिफिट्स की बात करें तो 15 सालों की पॉलिसी लेने पर पॉलिसी लेने के 6, 9 और 12 साल पूरा होने पर सम अश्योर्ड का 20-20 फीसदी मनीबैक मिलता है. मैच्योरिटी पर 40 फीसदी मनी बैक और बोनस मिलता है. अगर पॉलिसी टर्म 20 सालों का है तो 8,12, 16 साल पूरा होने पर 20-20 फीसदी का मनी बैक मिलेगा. मैच्योरिटी पर 40 फीसदी मनीबैक के साथ में बोनस की राशि मिलती है.

## हवाई अड्डे पर अलग से आईपीएल के चेक इन काउंटरों की अनुमति दें: बीसीसीआई

**नईदिल्ली।** आईपीएल 2021 पर कोरोना का साया बना हुआ है ।देश में रोजाना बढ़ रहे कोरोना केस से आईपीएल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को भी जोखिम बना हुआ है। यही वजह है कि खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बीसीसीई ने सरकार से बड़ी मांग की है। बता दें कि कोरोना वायरस की वजह से पिछले साल आईपीएल का आयोजन यूएई में किया गया ।यूएई में केवल तीन जगह ही टूर्नामेंट का आयोजन हुआ था। आईपीएल 2021 के तहत भारत में छह शहरों में टूर्नामेंट होना है जिनमें मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद, बेंगलुरू और चेन्नई शामिल हैं। आईपीएल 2021 टूर्नामेंट के तहत खिलाड़ियों को एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए हवाई यात्रा करनी होगी । हवाईअड्डे पर खिलाड़ी और आईपीएल से जुड़े अन्य लोगों को लगातार वायरस के संपर्क में आने का खतरा बना रहेगा। ऐसे में बीसीसीआई भारत सरकार से अनुरोध करने जा रहा है कि हवाई अड्डे पर अलग से आईपीएल के चेक इन काउंटरों की अनुमति दें। बता दें इस बार आईपीएल के तहत बीसीसीआई ने बायो -बबल को ज्यादा से ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए अधिक कोविड-19 टेस्ट पर जोर दिया है।

## आदित्य नारायण की जगह ऋत्विक धंजानी आएंगे नजर

रियलिटी शो इंडियन आइडल 12 सोनी चैनल पर प्रसारित किया जा रहा है. इस शो को एक बार फिर से फैंस के बीच उतना ही प्यार मिल रहा है जिसका पहले कभी पसंद किया जाता था. शो के कंटेस्टेंट को फैंस काफी पसंद किया जा रहा है. अब शो को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है. खबर के अनुसार अब आदित्य नारायण की जगह शो को ऋत्विक धंजानी को होस्ट करेंगे.

हाल ही में शो के होस्ट आदित्य नारायण को कोरोना हो गया है. आदित्य इन दिनों रियलिटी शो इंडियन आइडल 12 को होस्ट करते नजर आते हैं, लेकिन कोरोना की चपेट में आने के कारण उन्होंने फिलहाल शो को छोड़ दिया है.

आदित्य नारायण ने खुज सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि की थी कि उनको कोरोना हो गाय है, इसके साथ ही बताया था कि उनकी पत्नी श्वेता अग्रवाल को भी वायरस ने चपेट में ले लिया है. आदित्य के अब अस्पताल में भर्ती होने की खबर भी सामने आई है.

ऐसे में आदित्य के अचानक चले जाने से मेकर्स को इस बात की टेंशन थी कि आखिर शो को



अब कौन होस्ट करेगा. कहा जा इंडियन आइडल 12 के मेकर्स ने उनकी जगह किसी को शो में लेने की प्लानिंग की है. कहा जा रहा है कि इस शो को अब एक्टर और कई शोज को होस्ट कर चुके ऋत्विक धंजानी होस्ट करेंगे.

खबर के अनुसार ऋत्विक घंजानी अब आदित्य नारायण की जगह इंडियन आइडल 12 की मेजबानी करते नजर आएगें. खबर की पुष्टि करते हुए ऋत्विक ने कहा है कि मैं आदित्य की जगह पर सिर्फ एक वीकेंड के लिए शो में नजर आऊंगी. मैं 5 अप्रैल को शो को शूट करूंगी. मैंने इंडियन आइडल 12 के जज नेहा कक्कड़, विशाल ददलानी और हिमेश रेशमिया के साथ पहले काम किया है. मेरे घरवाले भी इस शो को देखते हैं ऐसे में मैं काफी खुश हूं.

ऋत्विक की बात करें तो इंडियाज बेस्ट ड्रामेबाज, नच बलिए 7 और सुपर डांसर जैसे शोज को होस्ट कर चुके हैं.

## आज का राशिफल

मेष : चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं।

वृषभ : कोर्ट व कचहरी में लाभ की स्थिति बनेगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पिछले लंबे समय से रुके कार्य बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

मिथुन : भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

कर्क : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर संयम रखें।

सिंह : बेवजह दौड़धूप रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोई शोक समाचार मिल सकता है। अपेक्षित कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

कन्या : सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नए काम करने की इच्छा बनेगी।

तुला : पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी।

वृश्चिक : जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। रोजगार प्राप्ति होगी। किसी बड़ी समस्या का हल निकलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

धनु : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। यात्रा में कोई चीज भूलें नहीं। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लापरवाही न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं।

मकर : डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा।

कुंभ : सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। योजना फलीभूत होगी। किसी बड़ी समस्या का हल एकाएक हो सकता है। प्रसन्नता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। आय में वृद्धि होगी।

मीन : कानूनी सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी। रुके कार्यों में गति आएगी। तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा।

# मास्क का इस्तेमाल करने के दौरान इन बातों का रखें खास ख्याल

कोरोना वायरस से बचने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क और हाथों को साफ रखने की सलाह दी जा रही है। इन सभी का अधिकतर लोग पालन भी कर रहे हैं। लेकिन जब आप मास्क का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है, जैसे मास्क का उपयोग कैसे करना है और कैसे नहीं? इस लेख में हम आपको बताएंगे कि मास्क के इस्तेमाल के दौरान किन बातों का आपको ध्यान रखना चाहिए....

- जब आप अकेले हों तो इसे उतार दें और पूरे समय इसे पहनकर न बैठें।

- कार में भी चेहरे पर मास्क का इस्तेमाल करने से बचें। आप यदि अकेले हैं तो आपको मास्क की जरूरत नहीं है।

एसी में मास्क पहनने से बचें।

- मास्क का इस्तेमाल घर में करने की जरूरत नहीं होती।

- जब आप किसी भीड़ वाली जगह पर हैं, तब इसका उपयोग करें।

- अपने आपको सबसे



अधिक बार अलग करते हुए इसका उपयोग कम करें।

- अपने साथ 2 मास्क रखें और हमेशा हर 4-5 घंटे में बदलाव करें और अधिक समय तक लगातार मास्क का इस्तेमाल न करें।

## विक्रम वेधा के हिंदी रीमेक के लिए सैफ अली खान ने जार्च की इतनी मोटी रकम



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सैफ अली खान आने वाले दिनों में कई बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों में नजर आने वाले हैं। जिसमें उनकी फिल्म विक्रम वेधा का हिंदी रीमेक भी है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विक्रम वेधा एक तमिल फिल्म है। जिसका हिंदी में निर्माण किया जा रहा है। विक्रम वेधा के तमिल वर्जन में मुख्य किरदार के रूप में विजय सेतुपति और आर माधवन नजर आए थे। वहीं अब इसके हिंदी वर्जन में अभिनेता ऋतिक रोशन और सैफ अली खान को लेने की बातें चल रही है।

खबरों के अनुसार ये दोनों ही कलाकार फिल्म विक्रम वेधा के रीमेक में मुख्य किरदार में नजर आएंगे। अब इस फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है जिसको सुनने के बाद आप उत्साहित हो जाएंगे। अभिनेता ऋतिक रोशन जहां फिल्म में गैंगस्टर के रोल में दिखाई देने वाले हैं। वहीं सैफ अली खान एक पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आने वाले हैं।

## गर्मियों में बनाएं टेस्टी गुलकंद कुल्फी

गर्मियों में मौसम में आइसक्रीम, कुल्फी खाने का मज़ा ही और होता है। मन और तन ठंडा और ताजा हो जाता है। तो आज हम सीखेंगे गुलकंद कुल्फी बनाने की आसान रेसिपी।

### सामग्री :

बादाम- 200 ग्राम, गुलाब की पत्तियां- 40 ग्राम, गुलकंद-30 ग्राम, फुलक्रीम दूध- डेढ़ लीटर, खोया- 80 ग्राम, चीनी- 70 ग्राम, केसर- 8 से 10 रेशे, पानी- 3 कप

### विधि :

एक पैन में 2कप पानी और बादाम डालकर 4-5 मिनट तक उबाल लें।

उबालने के बाद बादाम को आंच से उतारकर ठंडा होने दें।

इसके बाद बादाम को छील लें।

ग्राइंडर जार में छिले हुए बादाम को आधा कप दूध डालकर बारीक पेस्ट बना लें। इसके बाद चाशनी बनाने के लिए बर्तन में आधा कप पानी, चीनी और गुलाब की पत्तियां डालकर गाढ़ा होने तक



पका लें।

फिर एक छोटे बाउल में दूध और केसर डालकर घोल लें।

अब पैन में दूध डालकर आधा रहने तक पका लें।

फिर इसमें खोया, चाशनी, केसर वाला दूध, गुलकंद और बादाम का पेस्ट मिलाकर चलाते हुए गाढ़ा पेस्ट होने तक पका लें।

इसके बाद इसे ठंडा होने दें।

हल्का ठंडा होने पर मिक्सचर को कुल्फी मोल्ड में डालकर फ्रिज में सेट होने के 4-5 घंटे के लिए रख दें। पांच घंटे बाद कुल्फी फ्रिज से निकालें और सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 43

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 42 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## सू-दोकू- 43

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 42का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |